# यूनिवर्सिटी रैंकिंग में आईआईटी इंदौर टॉप 100 में

इंदौर। इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर टॉप 100 यूनिवर्सिटी रैंकिंग में शामिल हुआ। टाइम्स हायर एजुकेशन द्वारा जारी एजुकेशन यंग यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2019 में टॉप 100 में आईआईटी इंदौर को 68वीं रैंकिंग मिली है। दुनिया के टॉप 70 संस्थानों में से आईआईटी को यह स्थान मिला। 50 सालों से संचालित हो रहे संस्थानों की रैंकिंग जारी की गई है, जिसमें टीचिंग, रिसर्च, इंटरनेशनल आउटलुक और इंडस्ट्रीज आउटपुट के वैटेज को देखा गया है। इसमें आईआईटी इंदौर को टीचिंग के लिए 30 फीसदी, रिसर्च के लिए 30, साइटेशन के लिए 30, इंटरनेशनल के लिए 7.5 और इंडस्ट्रीज के लिए 2.5 फीसदी वैटेज दिया गया है।

**Dabang Dunia (Indore), 28th June 2019, Dabang Dunia 2, Page-1**